सत्यमेव जयते

भारत सरकार

राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग

GOVERNMENT OF INDIA

**NATIONAL COMMISSION FOR SCHEDULED TRIBES**

File No. SSM/1/2017/STGMP/DEEDUC/RU-III

छठी मंजिल, 'बी' विंग, लोक नायक भवन
खान मार्केट ,नई दिल्ली -110003
6th floor, 'B' Wing Loknayak Bhawan,
Khan Market, New Delhi-110003

दिनांक /Dated: **24.11.2017**

To,

1. Vice Chancellor,
   Raja Mansingh Tomar
   Music & Arts University,
   Needam Road, Naka Chandravadni,
   Chauraha, Gwalior (MP)

2. Registrar,
   Raja Mansingh Tomar,
   Music & Arts University,
   Needam Road, Naka Chandravadni,
   Chauraha, Gwalior (MP)

Sub: Representation dated 06.06.2017 of Shri Sahdev Singh Markam, Gram Devari, Post-Tingapur, Tehsil-Baihar, District- Balagaht (MP) regarding appointment for the Post of Asst. Professor of Painting (fine Arts).

Sir,

I am directed to enclose a copy of Proceedings of the Sitting taken by Hon'ble Vice-Chairperson, NCST, on 16.08.2017 for necessary action and to request you send the action taken report to the Commission urgently.

Yours faithfully,

(R. K. Dubey)
**Assistant Director**

Copy to:

1. Shri Sahdev Singh Markam,
   Gram Devari, Post-Tingapur,
   Tehsil-Baihar, District- Balagaht
   (Madhya Pradesh)

2. SAS, NIC, NCST.

# राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग

(F.No.- SSM/1/2017/STGMP/DEEDUC/RU-III)

श्री सहदेव सिंह मरकाम गाँव- देवरी, पोस्ट- टिंगीपुर, तहसील- बिरसा, जिला- बालाघाट, मध्य प्रदेश द्वारा राजा मानसिंह तोमर संगीत एवं कला विश्वविद्यालय, ग्वालियर मे सहायक प्राध्यापक पद के लिए अनुसूचित जनजाति के आरक्षित पद पर नियुक्ति मे अनियमितता के मामले मे आयोग को प्राप्त अभ्यावेदन पर सुश्री अनुसुईया उईके, उपाध्यक्ष, राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की अध्यक्षता में दिनांक 16.08.2017 को आयोग में आयोजित सीटिंग का कार्यवृत.

बैठक की तिथि : 16.08.2017

बैठक में उपस्थित अधिकारी : परिशिष्ट 'क'

---

1. श्री सहदेव सिंह मरकाम गाँव- देवरी, पोस्ट- टिंगीपुर, तहसील- बिरसा, जिला- बालाघाट, मध्य प्रदेश ने राजा मानसिंह तोमर संगीत एवं कला विश्वविद्यालय, ग्वालियर मे सहायक प्राध्यापक पद के लिए अनुसूचित जनजाति के आरक्षित पद पर नियुक्ति के लिए पात्र होने के बावजूद नियुक्त नही किए जाने और अनियमितता बरतने के मामले मे दिनांक 06.06.2017 को आयोग मे अभ्यावेदन दिया।
2. आयोग ने कुलपति, राजा मानसिंह तोमर संगीत एवं कला विश्वविद्यालय, ग्वालियर तथा रजिस्ट्रार, राजा मानसिंह तोमर संगीत एवं कला विश्वविद्यालय, ग्वालियर को दिनांक 14.07.2017 को एक नोटिस भेज कर जानकारी मांगी। इसके प्रत्युत्तर मे कोई जवाब नही आया। अभ्यावेदक ने आयोग से दुबारा निवेदन किया। इस पर आयोग ने दिनांक 11.08.2017 को सिटिंग नोटिस जारी कर मामले मे चर्चा के लिए कुलपति, राजा मानसिंह तोमर संगीत एवं कला विश्वविद्यालय, ग्वालियर तथा रजिस्ट्रार, राजा मानसिंह तोमर संगीत एवं कला विश्वविद्यालय, ग्वालियर को लिए दिनांक 25.07.2017 को आयोग मे बुलाया।
3. बैठक मे चर्चा के लिए आए श्री यू. एस. कुलश्रेष्ठ, प्रभारी, परीक्षा, राजा मानसिंह तोमर संगीत एवं कला विश्वविद्यालय, ग्वालियर उपस्थित हुए।
4. आयोग ने अभ्यावेदक से अपनी समस्या स्पष्ट करने हेतु कहा जिस पर श्री सहदेव सिंह मरकाम ने बताया कि राजा मानसिंह तोमर संगीत एवं कला विश्वविद्यालय, ग्वालियर मे विभिन्न विषयों के सहायक प्राध्यापक पद के लिए दिनांक 02.06.2014 को विज्ञापन के

सुश्री अनुसुईया उइके/Miss Anusuiya Uikey
उपाध्यक्ष/Vice Chairperson
राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग
National Commission for Scheduled Tribes
भारत सरकार/Govt. of India
नई दिल्ली/New Delhi

माध्यम से आवेदन आमंत्रित किया था। इसमे चित्रकला विभाग मे सहायक प्राध्यापक का पद अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित था। पुनः दिनांक 06.05.2015 को पुनर्विज्ञापन के माध्यम से इस पद को अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित कर दिया गया। पुनः दिनांक 22.05.2015 को पुनर्विज्ञापन के माध्यम से इस पद को अनारक्षित श्रेणी मे कर दिया गया। इस पद के लिए मैंने अनुसूचित जनजाति श्रेणी मे आवेदन किया। किन्तु मुझे साक्षात्कार के लिए जो बुलावा पत्र आया उसमे मुझे अनारक्षित श्रेणी मे कर दिया गया। उन्होने आयोग को अवगत कराया कि वे इस पद के लिए अन्य अभ्यर्थियों की तुलना मे अधिक प्रतिभाशाली हैं। उन्होने नेट, जे. आर. एफ. उतीर्ण किया है, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सेमीनारों मे भाग लिया और शोध पत्र प्रस्तुत किया है। किन्तु बार बार विज्ञापन मे संशोधन कर मुझे इस पद मे चयनित न कर के बाहर कर दिया गया।

5. बैठक मे उपस्थित प्रभारी, परीक्षा, राजा मानसिंह तोमर संगीत एवं कला विश्वविद्यालय, ग्वालियर ने आयोग को मामले के संबंध मे अवगत कराया कि प्रारम्भ मे आरक्षण सभी पदों के लिए एक साथ बन गया था। संयुक्त रोस्टर इसके लिए नही बना था इसलिए उक्त पद के लिए कमिटी द्वारा निर्धारित रोस्टर तैयार किया गया और पुनर्विज्ञापन निकाला गया।
6. प्रभारी, परीक्षा, राजा मानसिंह तोमर संगीत एवं कला विश्वविद्यालय, ग्वालियर आयोग के समक्ष कोई संतोषजनक, ठोस तथ्य और प्रमाण प्रस्तुत नही कर सके। साथ ही आयोग ने राजा मानसिंह तोमर संगीत एवं कला विश्वविद्यालय, ग्वालियर द्वारा तैयार रोस्टर को भी त्रुटिपूर्ण पाया। आयोग के समक्ष यह बात भी आई कि इस संस्थान मे अनुसूचित जनजाति के लिए कोइ लाइजन अधिकारी की नियुक्ति नही की गई है।
7. आयोग राजा मानसिंह तोमर संगीत एवं कला विश्वविद्यालय, ग्वालियर से यह जानना चाहता है कि विश्वविद्यालय की कमिटी विषयवार रोस्टर का निर्धारण कैसे की है? आयोग का मानना है कि इस पद के लिए विज्ञापन मे बार बार संशोधन कर अभ्यर्थियों को दिग्भ्रमित किया गया है। साथ ही अभ्यावेदक जो निर्धारित योग्यता रखता है उसका उचित लाभ उसे प्रदान नही किया गया और अन्याय किया गया है। अतः आयोग यह सुझाव देता है कि तत्काल इस प्रकरण मे रोस्टर की विसंगतियों को दूर करते हुये नियमानुकूल भर्ती प्रक्रिया को संपादित करें और आयोग को एक माह के अंदर इसकी प्रगति रिपोर्ट भिजवायें।

सुश्री अनुसुईया उइके/Miss Anusuiya Uikey
उपाध्यक्ष/Vice Chairperson
राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग
National Commission for Scheduled Tribes
भारत सरकार/Govt. of India
नई दिल्ली/New Delhi

अनुलग्नक - क

# राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग

(F.No.- SSM/1/2017/STGMP/DEEDUC/RU-III)

श्री सहदेव सिंह मरकाम गाँव- देवरी, पोस्ट- टिंगीपुर, तहसील- बिरसा, जिला- बालाघाट, मध्य प्रदेश द्वारा राजा मानसिंह तोमर संगीत एवं कला विश्वविद्यालय, ग्वालियर मे सहायक प्राध्यापक पद के लिए अनुसूचित जनजाति के आरक्षित पद पर नियुक्ति मे अनियमितता के मामले मे आयोग को प्राप्त अभ्यावेदन पर सुश्री अनुसुईया उईके, उपाध्यक्ष, राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की अध्यक्षता में दिनांक 16.08.2017 को आयोग में आयोजित सीटिंग मे उपस्थित अधिकारियों/कर्मचारियों की सूची-

**राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग**

1. सुश्री अनुसुइया ऊइके, माननीय उपाध्यक्ष
2. श्रीमती के॰ डी॰ बंसोर, निदेशक
3. श्री गौरव कुमार, उपाध्यक्ष के निजी सचिव
4. श्री डी. सी. कटोच, सलाहकार

**राजा मानसिंह तोमर संगीत एवं कला विश्वविद्यालय, ग्वालियर के अधिकारी**

1. श्री यू. एस. कुलश्रेष्ठ, प्रभारी, परीक्षा